आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा देश आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने उस सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया।

*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने, सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वह अद्भुत है, ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।*

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि ऑप्रेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कुछ स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सी.बी.एस.ई. की इस अनोखी पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके शुगर इंटेक के प्रति जागरूक करना है।

*सीबीएसई की इस अनोखी पहल का उद्देश्य है। बच्चों को उनके शुगर इंटेक्ट के बारे में जागरूक करना। कितनी चीनी लेनी चाहिए और कितनी चीनी खाई जा रही है यह जानकर बच्चे खुद से ही हेल्दी विकल्प चुनने लगे हैं। ये एक अनोखा प्रयास है, और इसका असर भी बड़ा पॉजिटिव होगा। बचपन से ही स्वस्थ जीवन शैली की आदतें डालने में ये काफी मददगार साबित हो सकता है।*

प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक से भारत में बने उत्पादों को ही प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबी हुई है और राज्य में कानून व्यवस्था भी चरमरा गई है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विमल नेगी मौत मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा सी.बी.आई. को सौंपने के बाद पुलिस विभाग में घमासान मचा हुआ है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एस.पी. शिमला अपने ही डी.जी.पी. पर गम्भीर आरोप लगा रहे हैं जो अनुशासनात्मक है। उन्होंने कहा कि अफसरशाही में मचे इस घमासान के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य इसी वित्त वर्ष में शुरू किया जाएगा। राजधानी शिमला के कच्ची घाटी में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन सड़कों का हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग के तहत होते ही कार्य आरम्भ हो जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दलगत राजनीति से हट कर प्रदेश हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। इससे पहले उन्होंने कच्ची घाटी में व्यापार मण्डल कार्यालय का भी शुभारम्भ किया।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चम्बा ज़िले के भटियात क्षेत्र में आज 2 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत से निर्मित जोलना–भटेड़–कोटला संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में 38 से अधिक संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2027 तक भटियात के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है।

योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए आज मण्डी ज़िले की सभी पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। इन ग्राम सभाओं में उन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया जिनकी किश्तें तकनीकी कारणों से लंबित हैं। ज़िले में कल 26 मई को पटवार वृत्त स्तर पर भी किसान सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

..........................................